मुख्यमंत्री ने जैव-विविधिता के संरक्षण और संवर्द्धन के लिये व्यक्तियों एवं संस्थाओं को किया पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधिता दिवस के अवसर पर आयोजित 'परिचर्चा एवं पुरस्कार वितरण'कार्यक्रम में जैव-विविधिता के संरक्षण और संवर्द्धन के लिये व्यक्तियों एवं संस्थाओं को पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जैव-विविधिता, पालतू पशुओं के संरक्षण, जैव सांस्कृतिक विविधिता के संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही संस्थाओं, व्यक्तियों एवं जैव प्रबंधन समितियों के लिये पुरस्कार घोषित किये। कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े वनमंडलाधिकारियों द्वारा संबंधित व्यत्तियों को पुरस्कृत किया गया।
- ये पुरस्कार वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं पालतू प्रजातियों के संरक्षण, जैव संसाधनों का पोषणीय उपयोग, सभ्यता, संस्कृति एवं धरोहर से जैव-विविधिता संरक्षण तथा श्रेष्ठ जैव-विविधिता प्रबंधन समिति की श्रेणियों में दिये गए।
- छत्तीसगढ़ जैव-विविधिता पुरस्कार, 2022 के तहत श्रेष्ठ संस्थान श्रेणी में श्रेष्ठ जैव-विविधिता प्रबंधन समिति शाहवाड़ा, कांकेर और प्रबंधन समिति चीचा दुरग को 50 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- इसी प्रकार जैव संसाधनों का पोषणीय उपयोग व्यत्तिगत श्रेणी में किशोर कुमार राजपूत तथा पालतू प्रजातियों का संरक्षण व्यक्तिगत श्रेणी में डॉ. पदम जैन को 25 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र-प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- पालतू प्रजातियों का संरक्षण संस्था श्रेणी में पीपुल फॉर एनिमिल दुर्ग-भिलाई यूनिट-2 तथा वन्य प्राणियों का संरक्षण संस्था श्रेणी में नेचर बायोडायवर्सिटी एसोसिएशन को 50 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति-पत्र और वन्य प्राणियों का संरक्षण व्यत्तिगत श्रेणी में राजेंद्र प्रसाद मिश्रि और सुश्री निधि तिवारी को प्रशस्ति-पत्र एवं 25 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-awards-individuals-and-institutions-for-conservation-and-promotion-of-bio-diversity